कार्यालय- जिला न्यायाधीश, बांदा ।

संख्या- 2273 / प्रथम, बांदा, दिनांक- 21 नवम्बर, 2022

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या- 14 / Admin. 'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुपालन में जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की जानी है । आशुलिपिक के 05 पदों को पुनर्नियुक्ति के माध्यम से भरे जाने हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे आशुलिपिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो, आवेदन कर सकते हैं । यह पुनर्नियुक्ति 01 वर्ष के लिए की जायेगी एवं पूर्णतः अस्थायी होगी । यदि अधिष्ठान में उपलब्ध रिक्त पदों को, जिस पर पुनर्नियुक्ति की गयी है, पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से नियमित रूप से भर लिया जाता है तो सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी ।

पुनर्नियुक्त कर्मचारीगण को अन्तिम आहरित मूल वेतन में से पेंशन की राशि को घटाकर परिलब्धियों का भुगतान किया जायेगा ।

यह पुनर्नियुक्ति साक्षात्कार एवं वार्षिक प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए की जायेगी । आवेदक सेवानिवृत्ति के 05 वर्ष पूर्व तक की वार्षिक प्रविष्टियाँ एवं सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण-पत्र आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें । पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में दिनांक 05.12.2022 को सायं 04:00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय, जिला न्यायाधीश, बांदा में स्वीकार किये जायेंगे ।

प्रशासनिक अधिकारी, केन्द्रीय नाजिर एवं लेखा लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि उक्त विज्ञप्ति को सेवानिवृत्त आशुलिपिकों के मध्य परिचारित एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें । सिस्टम असिस्टेंट / टी०एम०पी० को निर्देशित किया जाता है कि विज्ञप्ति को जिला न्यायालय, बांदा की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड करें एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

जिला सूचना अधिकारी को राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति की प्रति भेजी जाये ।

सर्वसम्बन्धित सूचित हों ।

21/11/2022

(मुहम्मद अशरफ अंसारी)
सदस्य चयन प्राधिकरण /
अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय सं०- 01
बांदा

जिला न्यायालय, बांदा में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

(माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या- 14 / Admin. 'D' Section Dated 15.10.2022 के अनुपालन में)

आवेदित पद का नाम- आशुलिपिक

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो (स्वप्रमाणित)

1. आवेदक का नाम-..
2. पिता / पति का नाम-..
3. जन्म तिथि-...
4. सेवानिवृत्ति की तिथि-...
5. अन्तिम धारित पद, अन्तिम आहरित मूल वेतन एवं जिला न्यायालय का नाम (जहां से सेवानिवृत्त हुए हैं)-

   ....
6. पी०पी०ओ० संख्या (छायाप्रति संलग्न करें)-..
7. स्थायी पता- ....

   ....

   ....
8. अस्थायी पता- ....

   ....

   ....
9. मोबाइल नम्बर- ....
10. ई-मेल आई०डी०- ....
11. शैक्षणिक योग्यता- ....

घोषणा- पत्र

मैं इस आशय की घोषणा करता हूं / करती हूं कि मैं शारीरिक रूप से स्वस्थ हूं एवं जिला न्यायालय, बांदा में आवेदित पद पर कार्य करने हेतु सक्षम हूं । मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही लम्बित नहीं है । उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सत्य हैं । यदि किसी समय उक्त सूचनायें गलत पायी जाती हैं तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी होगी । पुनर्नियुक्ति हेतु सभी नियम व शर्तें मुझे स्वीकार हैं ।

दिनांक-

स्थान-

आवेदक के हस्ताक्षर